बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 76

दिनांक 26/12/2007

दिनांक–15.12.2007 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही:–

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार:–
2. बैठक की अध्यक्षता– श्री कुष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग के द्वारा की गई ।
3. अखिल भारतीय राज्य सिविल प्रशासनिक सेवा संघ के महासंघ की पंजाब भवन, नई दिल्ली में कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को यह दायित्व दिया गया है कि अखिल भारतीय राज्य सिविल/प्रशासनिक सेवा संघ के महासंघ की 15 वीं कन्भेशन एवं सेमिनार का आयोजन पाटलीपुत्र की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित किया जाय । यह आयोजन बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के लिए ऐतिहासिक घटना होगी क्योंकि इसके पूर्व कभी भी इस प्रकार का आयोजन बिहार में नहीं किया गया । इसकी तैयारी के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किये गये एवं की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गई । बैठक में महासचिव द्वारा जानकारी दी गयी कि संघ का एक त्रिसदस्यीय शिष्टमंडल जिसमें अध्यक्ष एवं महासचिव सम्मिलित थे, कोलकत्ता जाकर महासंघ के सेकेरेट्ररी जेनरल, श्री जीवन चक्रवर्ती से विमर्श किया । विमर्श के आलोक में इस कन्वेशन का उदघाटन माननीय मुख्य मंत्री, बिहार को करने हेतु अनुरोध पत्र निर्गत कर दिया गया है । इस कन्वेशन में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु श्री प्रणव मुखर्जी, माननीय मंत्री, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं यथा उप मुख्य मंत्री ,बिहार सरकार को आमंत्रण पत्र भेज दिये गये हैं ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–

दिनांक.........................

4. सभी राज्यों के अध्यक्ष/महासचिवों को आमंत्रण पत्र इस अनुरोध के साथ भेजा जा रहा है कि प्रत्येक राज्य के कम–से–कम दो संघ के पदधारक निश्चित रूप से भाग लें ।

5. बैठक का आयोजन चाणक्य कम्पलेक्स, आर0ब्लॉक, पटना के इमपिरियल गार्डेन हॉल में सम्पन्न होगा । इसके लिये हॉल आरक्षित करा लिये गये है । राज्य से आये सभी डेलीगेट्स/को कौटिल्या होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है । इसके लिये परिसदन/वन विभाग एवं एन0एच0 गेस्ट हाउस में कमरे आरक्षित कराने का भी निर्णय लिया गया है । महासंघ के पदधारकों एवं राज्य से आये डेलीगेट्स के लिये वाहन की व्यवस्था कर ली गई है ।

6. कन्वेशन के आयोजन के अवसर पर महासंघ की ओर से स्मारिका का भी प्रकाशन करने का निर्णय लिया है । स्मारिका प्रकाशन के लिये सभी जिला के अध्यक्ष/सचिव से अनुरोध है कि प्रचार सामग्रियां अपनी अधीनस्थ संस्थानों से भिजवाने की कृपा करेंगे।

इस आयोजन की सफलता के लिये बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वर्ष 2006–2007 एवं वर्ष 2007–2008 का वार्षिक चन्दा 200/– प्रति सदस्य प्रति वर्ष की दर से निश्चित रूप से दिनांक–15.1.2008 तक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ को चेक अथवा नगद राशि के रूप में उपलब्ध करा दें । चूंकि यह सम्मेलन अखिल भारतीय राज्य सिविल/प्रशासनिक सेवा संघ का है और विभिन्न राज्यों के पदधारक भाग ले रहे हैं **ऐसी स्थिति में दिनांक–17.2.2008 को होनेवाली सम्मेलन मे विभिन्न जिलों से पदधारकों में से दो ही प्रतिनिधि सम्मिलित हो सकते हैं जो उद्घाटन के समय उपस्थित रहेंगें ।** अखिल भारतीय महासंघ की बैठक में केवल राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस बैठक में कार्यकारिणी के गठन पर विचार किया जायगा ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–

दिनांक.............................

बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों को 8000–13500 का वेतनमान स्वीकृत कराने हेतु मुख्य सचिव/ उप मुख्यमंत्री/ मुख्यमंत्री से पत्राचार करने एवं विभिन्न स्तर से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया। अगली समीक्षात्मक बैठक दिनांक 12.01.2008 को बुलाने का निर्णय लिया गया ।

बैठक में श्री हेमन्त कुमार सिंह, केयर टेकर को 200/– रू0 प्रतिमाह वृद्धि करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि गत दो वर्षो से उनके भत्ते में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा की कार्रवाई समाप्त की गई ।

sd

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

ज्ञापांक– 76 / वि0प्र0सं0 संघ, पटना/ दिनांक– 26/12/2007

प्रतिलिपि :– 1. मुख्य सचिव, बिहार/ सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/ विशेष सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. कार्यकारिणी के सभी सदस्यों/ विशेष आमंत्रित सदस्यों/ सभी जिला इकाई के अध्यक्ष/ सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26/12/07

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव